रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

हर खबर पर पहली नजर

www.vananchaleye@gmail.com

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:99 | सोमवार,15 दिसंबर

Email:vananchaleye@gmail.com



## ब्रीफ न्यूज

### शराब घोटाला : आरोपी को लाया गया रांची

संवाददाता

रांची:झारखंड शराब घोटाला में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जांच और कार्रवाई लगातार जारी है। फर्जी बैंक गारंटी मामले में शनिवार को गिरफ्तार मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी के निदेशक जगन तुकाराम देसाई को रविवार को रांची लाया गया। एसीबी की टीम फ्लाइट से जगन तुकाराम देसाई को लेकर रांची एयरपोर्ट पहुंची। एसीबी रांची थाना कांड संख्या 09/2025 मामले मेंजगन तुकाराम देसाई को गुजरात के पोखरण स्थित सप्तगिरी कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी से एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया है। यह पूरा मामला मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी से संबंधित है। कंपनी को ई-टेंडर की निविदा शर्तों के तहत झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के पक्ष में जोन-04 (धनबाद) के लिए बैंक गारंटी जमा करनी थी। लेकिन कंपनी ने जेएसबीसीएल के साथ धोखाधड़ी करते हुए फर्जी बैंकगारंटी जमा कर दी।

### पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर आतंकी हमले की कड़ी निंदा की

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर आज हुए भयावह आतंकी हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं। इस हमले में यहूदी त्योहार हनुक्का के पहले दिन का जश्न मना रहे लोगों को निशाना बनाया गया। भारत की ओर से, मैं उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। दुख की इस घड़ी में हम ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। भारत आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ।

### छत्तीसगढ़ के 20 लाख के तीन इनामी नक्सलियों ने महाराष्ट्र में किया आत्मसमर्पण

जगदलपुर : नक्सलियों के एमएमसी (महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़) जोन के दर्रेकसा एरिया कमेटी कमांडर सहित 20 लाख के इनामी तीन नक्सलियों ने रविवार को महाराष्ट्र में आत्मसमर्पण किया है। महाराष्ट्र की गोंदिया पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में एमएमसी (महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़) जोन के दर्रेकसा एरिया कमेटी का कमांडर और आठ लाख का इनामी रोशन उर्फ मारा इरिया वेदजा (35) निवासी गांव मेंदरी, जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़) सहित दो एसीएम कैडर के नक्सली सुभाष उर्फ पोज्जा बंडू राववा।

## ‘वोट चोर, गद्दी छोड़’ रैली में कांग्रेस ने भरी हुंकार, चुनाव आयोग पर फिर साधा निशाना

# सच-अहिंसा के साथ हटाएंगे मोदी-आरएसएस सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली:प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी, वोट चोरी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता के सवाल पर ‘वोट चोर गद्दी छोड़’ महारैली का आयोजन किया। रैली में कांग्रेस नेताओं ने इसे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई बताते हुए कहा कि सरकार और चुनाव आयोग की कथित मिलीभगत से जनता के वोट के अधिकार पर चोट की जा रही है। राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित इस रैली में देश के विभिन्न राज्यों से कांग्रेस कार्यकर्ता रामलीला मैदान पहुंचे। इस रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, गौरव गोगोई, महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, सचिन पायलट समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा ही देश को बचा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस की विचारधारा देश को बचाने वाली नहीं है और भाजपा संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा गरीबों को फिर से गुलाम बनाना चाहते हैं। देश को आजादी कांग्रेस ने दिलाई थी और आज संसद सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश चले जाते




हैं और सदन में सवालों के जवाब नहीं देते। कांग्रेस चुनाव हार सकती है, लेकिन उसकी विचारधारा जिंदा है, जबकि भाजपा एक चुनाव हारते ही खत्म हो जाएगी ने कहा कि संसद में जब मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने एसआईआर और वोट चोरी का मुद्दा उठाया तो सरकार ने इस पर चर्चा से बचने की कोशिश की। पिछले आम चुनाव के दौरान मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला गया, कांग्रेस के बैंक खाते बंद किए गए और भ्रष्टाचार के नाम पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए। जो लोग दबाव नहीं झेल पाए, वे भाजपा में शामिल हो गए और भाजपा की वॉशिंग मशीन में धुलकर साफ हो गए। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज भाजपा को चुनाव आयोग की जरूरत है, क्योंकि उसके बिना वह चुनाव नहीं जीत सकती। पूरा विपक्ष कह रहा है कि उसे चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं रहा।

## आतंकी हमला : दो हमलावरों ने शुरू कर दी ताबड़तोड़ फायरिंग

# ऑस्ट्रेलिया में त्योहार मना रहे यहूदियों पर अटैक, 11 की मौत

एजेंसी

रविवार की दोपहर ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हनुक्का त्योहार मना रहे यहूदियों पर दो हमलावरों ने अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा एक हमलावर भी मारा गया है। पुलिस ने हालात पर काबू पाने के लिए दोनों हमलावरों को गोली मारी। अधिकारियों के अनुसार, एक हमलावर की मौत हो गई है, जबकि दूसरा गंभीर हालत में है। गोलीबारी के दौरान एक आम नागरिक ने हथियारबंद हमलावर को दबोच लिया। ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हुई गोलीबारी को आतंकवादी हमला घोषित किया गया है। घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें यह व्यक्ति

**पुलिस ने हालात पर काबू पाने के लिए दोनों हमलावरों को मारी गोली, एक की मौत, दूसरा घायल**



### कड़ी की गई इलाके की सुरक्षा, जांच जारी

अपनी जान जोखिम में डालकर हमलावर से राइफल छीनता नजर आता है। उसकी इस बहादुरी से कई लोगों की जान बच गई। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। एक वीडियो में नॉर्थ बॉन्डी बीच पर कई लाशें बिखरीं नजर आ रही हैं। यहूदियों पर गोलीबारी करने वाले दो हमलावरों में से एक की पहचाननवीद अकरम के तौर पर हुई है इस घटना को चौंकाने वाला और बहुत दुखद बताया है। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और जांच जारी है। पुलिस ने बताया है कि घटनास्थल के आसपास कुछ संदिग्ध वस्तुएं मिली हैं। अधिकारी इनकी जांच कर रहे हैं। एहतियात के तौर पर इलाके में एक्सक्लूजन जोन लागू किया गया है। न्यू साउथ वेल्स पुलिस कमिश्नर मल ल्यैनन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घटना को आतंकवादी हमला होने की जानकारी दी ।यह घटना ऑस्ट्रेलिया में करीब तीन दशकों की बड़ी मास शूटिंग है। इससे पहले मास शूटिंग की घटना 28 अप्रैल 1996 को हुई थी, जिसे पोर्ट आर्थर नरसंहार के नाम से जाना जाता है।

## बारिश के कारण 49-49 ओवर का हुआ मुकाबला

### अंडर-19 एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को 90 रनों से हराया



एजेंसी

रविवार को भारत ने अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान को 90 रनों से हरा दिया। दुबई में खेले गए ग्रुप स्टेज मुकाबले में 241 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही पाकिस्तानी टीम 41.2 ओवर में 150 रन पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान की ओर से हुजैफा अहसन ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए। भारत के लिए गेंदबाजी में दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान ने 3-3 विकेट झटके। किशन सिंह को 2 सफलता मिली, जबकि वैभव सूर्यवंशी और खिलन पटेल ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। बारिश के कारण मुकाबले को 49-49 ओवर का कर दिया गया। भारत ने आरोन जॉर्ज की 85 रन की पारी की बदौलत 240 रन बनाए। कनिष्क चौहान ने 46 और कप्तान आयुष म्हात्रे ने 38 रनों का योगदान दिया। पिछले मैच में शतक लगाने वाले वैभव सूर्यवंशी इस बार सिर्फ 5 रन ही बना सके।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से भारत में ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर ने की मुलाकात

# आपसी संबंधों को मजबूत करने और परस्पर सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा

संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से रविवार को झारखंड दौरे पर आए भारत में ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन ओएएम, प्रोफेसर सुशान मार्क्स, इंटरनेशनल लॉ, टॉम सैंडरफोर्ड, फर्स्ट सेक्रेटरी एवं अनघा, सीनियर इकोनामिक रिसर्च अफसर, ऑस्ट्रेलिया कांसुलेट- जनरल इन कोलकाता ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान उनके बीच झारखंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने, विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर सहयोग को



बढ़ावा देने तथा निवेश की संभावनाओं पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को ऑस्ट्रेलिया आने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने ऑस्ट्रेलियाई हाई कमिश्नर को झारखंड में उपलब्ध संसाधनों एवं निवेश को लेकर राज्य सरकार की नीतियों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने श्रम आधारित अर्थव्यवस्था से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के अपने संकल्प के बारे में भी चर्चा की, जिसपर उनके द्वारा सहयोग और साथ मिलकर आगे बढ़ने का का भरोसा दिलाया ।खान सुरक्षा तथा जनजातीय समुदायों के विकास को लेकर भी हुई चर्चा : भारत में ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन ने मुख्यमंत्री को ऑस्ट्रेलिया आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि खनन को लेकर झारखंड ऑस्ट्रेलिया में काफी समानताएं हैं। ऑस्ट्रेलिया में खान सुरक्षा एवं सुरक्षित खनन को लेकर किन तकनीकों का इस्तेमाल होता है, उससे मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने खनन के बाद जमीन को विकसित कर स्थानीय समुदाय को वापस करने की ऑस्ट्रेलिया सरकार की नीति को सराहते हुए कहा कि वास्तव में खनन की ऐसी ही नीति होनी चाहिए।

# भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नितिन नबीन

,एजेंसी

नितिन नबीन को बीजेपी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें बीजेपी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक रणनीति को धार देने में उनकी भूमिका अहम मानी जा रही है। नितिन नबीन की नियुक्ति को बिहार की राजनीति में बीजेपी के संगठनात्मक विस्तार के तौर पर देखा जा रहा है। रविवार को बीजेपी संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला किया है। यह जानकारी बीजेपी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट



से साझा की है। नितिन नबीन तत्काल प्रभाव से राष्ट्रीय अध्यक्ष पद संभालेंगे। वह अब जेपी नड्डा की जगह बीजेपी की कमानसंभालेंगे। बीजेपी में कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की नियुक्तिके साथ ही उन तमाम अटकलों पर भी विराम लग गया है। जिनमें कई दिग्गज नेताओं के नाम की संभावनाएं जताई जा रही थी। नितिन नबीन की नियुक्ति को लेकर बीजेपी ने जातीय समीकरण भी साधने की कोशिश की है। दरअसल बीजेपी के नए अध्यक्ष कायस्थ समुदाय से आते हैं। इस समुदाय से बीजेपी में शीर्ष पद कई नेताओं को लाने की बात लंबे समय से चल रही थी। साथ ही आने वाले पश्चिम बंगाल और 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव में नितिन नबीन की अहम भूमिका हो सकती है ।साथ ही नितिन नबीन की बिहार में काफी मजबूत पकड़ है। बीजेपी को बिहार में अधिक सीटें लाने में उनका खास योगदान रहा है।

**उपलब्धि** | **भारतीय पर्वतारोहण के इतिहास में जुड़ा एक नया अध्याय**

# मनीता प्रधान ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विन्सन मैसिफ की फतह

एजेंसी

**गंगटोक :** सिक्किम की प्रतिष्ठित पर्वतारोही मनीता प्रधान ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विन्सन मैसिफ पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करके ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय पर्वतारोहण के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है। विश्वप्रसिद्ध ‘सेवन समिट्स’ चुनौती को पूरा करने से अब वह केवल एक चोटी दूर रह गई हैं। माउंट विन्सन मैसिफ अभियान पर्वतारोही मनीता प्रधान के महत्वाकांक्षी ‘प्रोजेक्ट सेवन समिट्स’ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके अंतर्गत उन्होंने सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ाई करने



### मनीता प्रधान ने अद्भुत सहनशीलता दिया परिचय

पर्वतारोही मनीता प्रधान ने 1 दिसंबर, 2025 को राजधानी गंगटोक से अपने अभियान की शुरुआत की थी। अपने महत्वाकांक्षी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने न्यूयॉर्क, पुंटा एरेनास (चिली) होते हुए अंटार्कटिका के प्रमुखपर्वतारोहण आधार शिविर यूनियन ग्लेशियर कैंप तथा उसके बाद माउंट विन्सन बेस कैंप तक की लंबी अंतरराष्ट्रीय यात्रा पूरी की।

का लक्ष्य रखा है। माउंट विन्सन की सफल चढ़ाई के साथ वह अब तक छह महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों को फतह कर चुकी हैं। अब केवल ऑस्ट्रेलिया की माउंट कोसियुस्कोपर चढ़ाई शेष है ।पर्वतारोही मनीता प्रधान ने 1 दिसंबर, 2025 को राजधानी गंगटोक से अपने अभियान की शुरुआत की थी। अपने महत्वाकांक्षी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने न्यूयॉर्क, पुंटा एरेनास (चिली) होते हुए अंटार्कटिका के प्रमुख पर्वतारोहण आधार शिविर यूनियन ग्लेशियर कैंप तथा उसके बाद माउंट विन्सन बेस कैंप तक की लंबी अंतरराष्ट्रीय यात्रा पूरी की। उन्होंने 10 दिसंबर को बेस कैंप से शिखर की ओर अंतिम चढ़ाई शुरू हुई। इस दौरान तापमान -31 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, तेज हवाएं चलीं।

### चोटी पर फहराया तिरंगा

कई दिनों के कठिन संघर्ष के बाद उन्होंने दुनिया के सबसे ठंडे महाद्वीप में स्थित माउंट विन्सन मैसिफ के शिखर को 12 दिसंबर को रात 8:30 बजे (स्थानीय समय) सफलतापूर्वक छुआ। इस उपलब्धि के साथ वह अंटार्कटिका की सर्वोच्च चोटी पर पहुंचने वाली चुनिंदा भारतीय महिलाओं में शामिल हो गई हैं। बेस कैंप पर पर्वतारोही प्रधान ने सिक्किम के 50वें राज्य स्थापना वर्ष की स्मृति में तैयार किया गया ध्वज फहराया, जो अपनी मातृभूमि के प्रति उनके गहरे सम्मान और गर्व कोदर्शाता है।

## अटल जयंती पर सांसद खेल महोत्सव का समापन

# 25 दिसंबर को ओटीसी ग्राउंड में भव्य आयोजन

संवाददाता

रांची : राजधानी रांची में चल रहे सांसद खेल महोत्सव का समापन 25 दिसंबर को किया जाएगा। यह दिन पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के रूप में भी मनाया जाएगा। समापन समारोह रांची के ओटीसी ग्राउंड में आयोजित होगा। इसकी जानकारी रांची सांसद संजय सेठ ने दी। सांसद संजय सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 21 सितंबर 2025 को सांसद खेल महोत्सव की शुरूआत की गई थी। प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप इस महोत्सव के माध्यम से परंपरागत खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। समापन के दिन गिल्ली डंडा, पिट्टो और रस्साकशी जैसे पारंपरिक



खेलों का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर को देशभर में सांसद खेल प्रतियोगिताओं का समापन होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे, उनका संबोधन होगा और वे अपनी इच्छा अनुसार कुछ स्थानों के खिलाड़ियों से संवाद भी करेंगे। इसी दिन फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भी खेला जाएगा। अब तक हुए आयोजनों का जिक्र करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि साइक्लोथन, मैराथन और फुटबॉल महासंगम सहित सभी आयोजन भव्य और उत्साहपूर्ण रहे हैं। बड़ी संख्या में युवाओं और खिलाड़ियों की भागीदारी यह दशार्ती है कि झारखंड

# डोरंडा कॉलेज में आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र का किया गया उद्घाटन

**रांची, संवाददाता ।**



डोरंडा कॉलेज, राँची के परिसर में आज रविवार को आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन परियोजना निदेशक, झारखण्ड महिला विकास समिति-सह-निदेशक, समाज कल्याण, श्रीमती किरण पासी (भा.प्र.से.) एवं डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राज कुमार शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर श्रीमती किरण पासी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मरक्षा सीखना बेटियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक बालिका को यह प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त करना चाहिए। झारखण्ड सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है तथा भविष्य में राज्य के सभी सरकारी कॉलेजों में किशोरियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किए जाने की दिशा में कार्य कर रही है, ताकि बालिकाएँ आत्मनिर्भर बन सकें, बाल विवाह से बच सकें।साथ ही अपनी शिक्षा पूर्ण कर सकें और आवश्यकता पड़ने पर स्वयं की रक्षा भी कर सकें। उन्होंने जानकारी दी कि इस केन्द्र के माध्यम से महाविद्यालय की छात्राओं को निःशुल्क कराटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो शिहान रंजीत मेहता के मार्गदर्शन में संचालित होगा। वहीं प्राचार्य डॉ. राज कुमार शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा संचालित Social Outreach Programme के अंतर्गत यह पहल समाज के उत्थान की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध होगी। हमारी छात्राएँ ही नहीं, बल्कि समाज के वे सभी लोग जो बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं प्रशिक्षित बनाने में सहयोग करना चाहते हैं, उनके लिए महाविद्यालय हर संभव प्रयास करने हेतु सदैव तत्पर है। बता दें कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत झारखण्ड राज्य में बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने की यह एक विशेष पहल है, जिसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में झारखण्ड महिला विकास समिति एवं डोरंडा कॉलेज के संयुक्त प्रयास से प्रारम्भ किया गया है। मौके पर कराटे प्रशिक्षण हेतु विशेष रूप से सुसज्जित कराटे डोजो कक्ष का भी उद्घाटन किया गया।

# 25 दिसंबर को रांची में होगा सांसद खेल महोत्सव का समापन, गिल्ली-डंडा, रस्साकसी और पिट्टो जैसे खेलों का भी होगा आयोजन

**रांची, संवाददाता ।**



राजधानी रांची में चल रहे सांसद खेल महोत्सव का 25 दिसबंर को समापन होगा. 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की 101वीं जयंती है. इसी दिन रांची के ओटीसी ग्राउंड में समापन समारोह आयोजित किया जाएगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 21 सितंबर 2025 को रांची में सांसद खेल महोत्सव की शुरूआत हुई थी. रांची सांसद संजय सेठ ने इसकी जानकारी दी. सांसद संजय सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा के अनुरूप हम अपने परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने की योजना के तहत सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह के दिन अपने परंपरागत खेल गिल्ली डंडा, पिट्टो और रस्साकशी का भी आयोजन करेंगे. उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को देशभर में सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन होगा. उस दिन पीएम मोदी भी ऑनलाइन जुड़ेंगे. उनका संबोधन होगा और जहां उनकी इच्छा होगी वहां के खिलाड़ियों के साथ वह बातचीत भी करेंगे. इसी दिन फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल भी खेला जाएगा. सांसद खेल महोत्सव में अबतक हुए इवेंट्स का सांसद संजय सेठ ने जिक्र किया. उन्होंने कहा कि सभी आयोजन बेहद भव्य रहे हैं. पूरे उत्साह के साथ खिलाड़ियों और युवाओं ने अपनी भागीदारी निभाई है. उन्होंने कहा कि 21 सितंबर को भव्य साइक्लोथन का आयोजन हो या मैराथन या फिर फुटबॉल महासंगम का आयोजन, सभी में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया. यह दशार्ता है कि हमारे युवा, हमारे खिलाड़ी और झारखंड खासकर, रांची के लोग अपने लाडले प्रधानमंत्री की कही बातों को किस उत्साह के साथ सफल बनाने में लग जाते हैं. संजय सेठ ने कहा कि आज भी नामकुम में सांसद खेल महोत्सव के तहत लॉन बॉल इवेंट्स और सिल्ली-रांची में तीरंदाजी के इवेंट्स हो रहे हैं. मोरहाबादी में वुशु के इवेंट्स भी हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत 20-21 दिसम्बर को मोरहाबादी मैदान में कबड्डी का आयोजन होगा, जिसमें रांची संसदीय क्षेत्र की 100 टीमें हिस्सा लेंगी. वहीं 24 दिसंबर को मोरहाबादी फुटबॉल मैदान में एथलेटिक्स के इवेंट्स होंगे, जिसमें लांग जंप, शार्ट पुट, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर और 05 किलोमीटर की दौड़ जैसे कई इवेंट्स होंगे. जिसमें 2000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे.

संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री की इच्छा है कि हम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय और ओलंपिक जैसे बड़े आयोजनों में ज्यादा से ज्यादा पदक जीतें. सांसद खेल महोत्सव उसमें सहायक बनेगा. उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को ओटीसी ग्राउंड में ही रांची शहरी एवं ग्रामीण भाजपा के बीच फुटबॉल एवं क्रिकेट के दोस्ताना मैच खेले जाएंगे. रांची सांसद ने बताया कि सांसद कला महोत्सव के तहत रांची संसदीय क्षेत्र के ही 50 विद्यालयों एवं सामान्य बच्चों को मिलाकर कुल 20,235 प्रतिभागियों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया. ऑपेरशन सिंदूर और पीएम मोदी के सैन्य प्रेम विषय पर बनाये पेंटिंग को जब पीएम और डिफेंस मिनिस्टर ने देखा तो खूब प्रशंसा की. अब उन्हीं पेंटिंग्स में से सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग्स की प्रदर्शनी 17-18 दिसंबर को दिल्ली में लगाई जाएगी. सांसद संजय सेठ के साथ झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मधुकांत पाठक और पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू भी उपस्थित रहे. मधुकांत पाठक ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव वास्तव में ओलंपिक के मोटो वाक्य को आत्मसात करता है. जो यह प्रेरित करता है कि खेल और खेल भावना को हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक लेकर जाएं.

# रांची में सुरों की जंग, पूर्वी जोन बैंड प्रतियोगिता का सोमवार को होगा भव्य आगाज

**रांची, संवाददाता ।**



झारखंड की राजधानी रांची एक बार फिर संगीत और ताल की गूंज से सराबोर होने जा रही है. झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची की मेजबानी में पूर्वी जोन बैंड प्रतियोगिता का शुभारंभ कल 15 दिसंबर 2025 को खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा. इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में पूर्वी भारत के 11 राज्यों से स्कूली बालक-बालिका बैंड टीमें भाग लेंगी. इस प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह सुबह 10 बजे स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के सचिव उमाशंकर सिंह करेंगे. समापन समारोह शाम 4 बजे आयोजित होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व, निबंधन एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ उपस्थित रहेंगे. यह प्रतियोगिता रक्षा मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त दिशा-निदेर्शों पर आधारित है. इसके चार जोन के विजेता आगामी राष्ट्रीय बैंड प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो गणतंत्र दिवस पर आयोजित होती है. राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम आने वाली टीम को 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा. बता दें कि पिछले वर्ष झारखंड की बैंड टीम ने यह सम्मान प्राप्त किया था. इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी राज्यों की टीमें रांची पहुंच चुकी हैं. आज रविवार को उनके स्वागत में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह आयोजन सचिव धीरसेन ए. सोरेंग ने प्रतिभागियों को पारंपरिक झारखंडी गमछा पहनाकर अभिनंदन किया. उन्होंने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और झारखंड एक बार फिर शानदार प्रदर्शन को तैयार है.

# झारखंड का हर आदमी 40 हजार का कर्जदार

**रांची, संवाददाता ।**



झारखंड का हर आदमी फिलहाल 40 हजार रुपये का कर्जदार है. राज्य सरकार द्वारा अपने जरूरी खर्चों को पूरा करने के लिए कर्ज लेने की वजह से लोगों पर कर्ज का यह बोझ पड़ा है. पिछले वित्तीय वर्ष (2024-25) में राज्य सरकार को कुल खर्च और कुल कर्ज दोनों ही 1.30 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया था. Fiscal Responsibility and Budget Management Act (FRBM Act) में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (GSDP) के मुकाबले कर्ज की अधिकतम सीमा 20% निर्धारित है.

हालांकि पिछले कुछ वर्षों के दौरान झारखंड में कुल कर्ज का अनुपात GSDP के मुकाबले 36%-27% के बीच रहा है. राज्य सरकार अपने जरूरी खर्चों (बजट अनुमान) को पूरा करने के लिए अपने सभी स्त्रोतों से जुटायी गयी रकम कम पड़ने पर कर्ज लेती है. सरकार की आमदनी और खर्च में पूरी तरह संतुलन नहीं होने की वजह से राज्य पर कर्ज का बोझ लगाता बढ़ता जा रहा है. सरकार के वित्तीय आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 के अंत में सरकार पर कुल कर्ज का बोझ 1.09 लाख करोड़ रुपये था. वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह बढ़ कर 1.30 लाख करोड़ हो गया है.

फिलहाल राज्य की अनुमानित आबादी 3.29 करोड़ है. राज्य की आबादी के मुकाबले राज्य के कुल कर्ज का आकलन करने पर यह पाया जाता है कि राज्य का हर आदमीं 40 हजार रुपये का कर्जदार है. यानी राज्य पर कर्ज का बोझ बढ़ने पर आम लोगों पर कर्ज का बोझ भी बढ़ता ही रहेगा. महालेखाकार द्वारा राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन पेश Finance Account में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत मे राज्य पर कुल कर्ज 1.30 लाख करोड़ रुपये होने का उल्लेख किया गया है. कर्ज की यह रकम राज्य के संशोधित बजट के बराबर है.

यानी वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार का संशोधित बजट 1.30 लाख करोड़ और कर्ज भी 1.30 लाख करोड़ था. इस स्थिति को सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से बहुत बेहतर नहीं कहा जा सकता है. Fiscal Responsibility and Budget Management Act (FRBM Act) में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (GSDP) के मुकाबले कर्ज की सीमा 20% प्रतिशित है.

15 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह ने FRBM Act के मद्देनजर राज्य के सकल घरेलु उत्पाद के मुकाबले कुल कर्ज की सीमा की समीक्षा की. इसके बाद समिति ने राज्य का कुल कर्ज GSDP का 20% तक रखने की अनुशंसा की. झारखंड में कर्ज का बोझ इस निर्धारित सीमा से अधिक है. यह राज्य की वित्तीय स्थिति के लिए बहुत अच्छा नहीं है.

# रांची में नए साल का जश्न पड़ सकता है फीका! प्रशासन ने जारी किये शख्त निर्देश

**रांची, संवाददाता ।**



झारखंड की राजधानी रांची में नए साल के भव्य स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन इस बार जश्न से पहले सुरक्षा मानकों पर कड़ा फोकस है। गोवा के एक नाइटक्लब में हुई भीषण अग्निकांड की घटना के बाद, पुलिस और जिला प्रशासन ने बार, रेस्टोरेंट और डिस्को क्लबों की सघन जाँच शुरू कर दी है। रांची में लगभग 100 लाइसेंसी बार और एक दर्जन से अधिक डिस्को क्लब मौजूद हैं, जहाँ बड़ी भीड़ जुटने की उम्मीद है। जाँच में लगभग दो दर्जन प्रतिष्ठान ऐसे पाए गए हैं जहाँ आपातकालीन स्थिति के लिए केवल एक ही निकास द्वार (सिंगल एग्जिट) है, जिससे किसी भी हादसे का खतरा बढ़ जाता है। इन स्थानों को जिला प्रशासन ने चिह्नित कर लिया है।

इवेंट की अनुमति लेने के लिए पूरा सुरक्षा ब्लूप्रिंट जमा करना होगा

प्रशासन ने सभी आयोजकों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि इवेंट की अनुमति लेने के लिए उन्हें पूरा सुरक्षा ब्लूप्रिंट जमा करना होगा। यह जाँच केवल नए साल तक सीमित नहीं है, बार और रेस्टोरेंट के सामान्य संचालन के दौरान भी नियमों के उल्लंघन (जैसे 12 बजे के बाद भी संचालन) पर ध्यान दिया जा रहा है। हाल ही में एक बार का लाइसेंस हंगामा और मारपीट के बाद रद्द किया गया था। उत्पाद विभाग ने पाया है कि कई प्रतिष्ठान अनुमोदित ब्लूप्रिंट और फायर सेफ्टी मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। अब प्रशासन सुनिश्चित कर रहा है कि सुरक्षा नियम केवल कागज पर नहीं, बल्कि जमीन पर भी सख़्ती से लागू हों, ताकि जश्न सुरक्षित रहे।

# लोन दिलाने के नाम पर व्यवसायियों से लाखों की ठगी, रांची से बंटी-बबली गिरफ्तार

**रांची, संवाददाता ।**



राजधानी रांची में रहकर एक दंपती बंटी-बबली की तर्ज पर शहर के कारोबारियों को लोन देने के नाम पर लाखों का चूना लगा रहा था. शिकायत के आधार पर रांची पुलिस ने पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों ठग पति-पत्नी की तलाश ओडिशा पुलिस को भी थी.

**क्या है पूरा मामला**

रांची के कांके पुलिस ने एक इंटरस्टेस्ट ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक दंपती को गिरफ्तार किया है. दोनों के निशाने पर बड़े व्यवसायी होते थे, जिन्हें ये कम ब्याज और कम प्रोसेसिंग फीस पर बड़े अमाउंट के लोन दिलाने का वादा करते थे और मोटी रकम ऐंठ लेते थे. इस बंटी और बबली के द्वारा रांची के कांके थाना क्षेत्र में 70 लाख की ठगी की गई थी, जिसके बाद ठग दंपती शिवाजी पाटिल और एंजेला कुजूर को गिरफ्तार किया गया.

**एक कारोबारी ने दर्ज कराया था मामला**

दरअसल, रामगढ़ जिले के व्यवसायी सरोजकांत झा को एंजेला कुजूर और शिवाजी पाटिल उर्फ अमित महतो ने अपने झांसे में लिया था और 74 लाख की ठगी की थी. सरोजकांत झा ने रांची के कांके थाना में एफआईआर दर्ज करायी थी. शिकायत के अनुसार, एंजेला कुजूर और शिवाजी पाटिल ने व्यवसायी को कम ब्याज पर लोन दिलाने की बात कही थी. इसके एवज में व्यवसायी से 74 लाख रुपए भी ऐंठ लिए थे. वहीं लोन न मिलने पर एक जमीन को फर्जी तरीके से एग्रीमेंट कर दिया गया, जबकि वो जमीन भी ठग दंपती की नहीं थी. जब दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया, तब यह जानकारी मिली कि उन्होंने कई कारोबारी को लोन दिलाने के नाम पर ठगा है. रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर ने बताया कि पुलिस की जांच में ये बात भी सामने आई है कि ओडिशा के सुदाम बारीक नामक युवक के साथ काम करने वाले एक व्यवसायी को झांसे में लेकर करीब 42 लख रुपए की ठगी भी दंपती ने की थी.

# रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कांग्रेस पर कसा तंज, वोट चोर-गद्दी छोड़ महारैली को बताया नौटंकी

**रांची, संवाददाता ।**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर आज दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस की ओर से आयोजित वोट चोर-गद्दी छोड़ महारैली को रांची के भाजपा सांसद और देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जनता द्वारा नकार दिए गए हताश-निराश लोगों की नौटंकी करार दिया है. दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस की वोट चोर-गद्दी छोड़ महारैली पर आज रांची में तीखी प्रतिक्रिया देते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि सदन में चर्चा-परिचर्चा से भागने वाले और नकली संविधान लेकर घूमने वाले लोग राजनीतिक नौटंकी कर रहे हैं. रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में जनता द्वारा नेस्तनाबूद कर दी गई पार्टी के नेता नौटंकी कर रहे हैं. संजय सेठ ने कहा कि चुनाव में और खासकर बिहार विधानसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद अपने कार्यकताओं के बीच फेस सेविंग यानी चेहरा बचाए रखने के लिए इस तरह के नाटक-नौटंकी कर रहे हैं.

**तिरुवनंतपुरम में भाजपा की जीत से कांग्रेसी विचलित-संजय सेठ**

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि कल केरल के तिरुवनंतपुरम में नगर निकाय चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत से कांग्रेस के नेता और विचलित हो गए हैं. उन्हें यह लग रहा है कि केरल में भाजपा की कैसे जीत हो गई और सोच रहे हैं कि अब तो तिरुवनंतपुरम में भाजपा का मेयर ,डिप्टी मेयर होगा. यह बात उन्हें पच नहीं रहा है. संजय सेठ ने कहा कि तिरुवनंतपुरम के निकाय चुनाव नतीजों से देशभर के भाजपा के कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार हुआ है, लेकिन कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता हताश हैं. वोट चोरी और रक्फ़ के विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में आज हुई वोट चोर-गद्दी छोड़ महारैली में भाग लेने के लिए देशभर के कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता दिल्ली गए हुए हैं.

# शराब घोटाले मामले में बड़ी कार्रवाई, जगन तुकाराम को किया गया गिरफ्तार

**रांची, संवाददाता ।**



शराब घोटाले में एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की है. एसीबी ने मार्शन इनोवेटिव सिक्यूरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जगन तुकाराम देसाई को गिरफ्तार कर लिया है. जगन तुकाराम देसाई की गिरफ्तारी एसीबी ने गुजरात के बड़ौदा से की गई है. गिरफ्तारी के बाद रविवार को देसाई को रांची लाया गया है.

**ट्रांजिट रिमांड पर लाया गया रांची**

गुजरात के बड़ौदा कोर्ट में पेशी के बाद जगन तुकाराम देसाई के ट्रांजिट रिमांड की अपील एसीबी ने की, जिसे अदालत ने स्वीकार लिया. जिसके बाद रविवार को जगन तुकाराम देसाई रांची लाया गया. बता दें कि पूर्व में भी एसीबी कई बार जगन तुकाराम देसाई को पूछताछ के लिए नोटिस कर चुकी थी. हालांकि वह पूछताछ में एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे. एसीबी के मुताबिक, फर्जी बैंक गारंटी देने की वजह से मार्शन की वजह से सरकार को तकरीबन 25 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ.

**क्या है मामला**

एसीबी के द्वारा दी गई प्रेस रिलीज के अनुसार मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सेक्यूरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का चयन धनबाद जिला में मानव संसाधन प्रदाता के तौर पर हुआ था. कंपनी के प्रतिनिधि योगी आचारी के द्वारा 28 नवंबर 2023 को 5,02,07,576 रुपये की एसबीआई की बैंक गारंटी जमा की गई. बैंक से इसके सत्यापन के लिए जेएसबीसीएल ने पत्र लिखा. तब बैंक के द्वारा 6 दिसंबर 2023 को ही बताया गया कि किसी ने गलत तरीके से बैंक के लोगो, स्टॉप व अधिकारियों के हस्ताक्षर का प्रयोग कर फर्जी बैंक गारंटी बनायी गई है. एसबीआई के रत्नेश्वर ब्रांच ने कोई बैंक गारंटी जारी नहीं की. 7 दिसंबर 2023 को जेएसबीसीएल के जीएम फाइनेंस ने कंपनी को शोकॉज किया. तब मार्शन कंपनी ने संबंधित एसबीआई बैंक को ही दोषी बता दिया. 8 दिसंबर 2023 को पुनः बंधन बैंक की बैंक गारंटी जमा करायी गई. बंधन बैंक से जुड़ी बैंक गारंटी भी 31 मार्च 2025 को खत्म होने वाली थी, जिसे लेकर हाईकोर्ट में कंपनी ने वाद दायर किया. हाईकोर्ट ने मार्शन के मामले में भी बैंक गारंटी की अवधि विस्तार से संबंधित आदेश 19 फरवरी 2025 को पारित किया. अवधि विस्तार के लिए बैंक से जेएसबीसीएल ने सत्यापन कराया तो बंधन बैंक ने भी बताया कि उनके लोगो, हस्ताक्षर का गलत इस्तेमाल हुआ है. बैंक गारंटी को फर्जी बताया गया. इस कंपनी के निदेशक जगन तुकाराम देसाई ने भी पूर्व में उत्पाद विभाग को दिए जवाब में बताया था कि उनके लोकल प्रतिनिधि नीरज कुमार ने धोखाधड़ी कर इस काम को अंजाम दिया. साथ ही बैंक गारंटी अवधि विस्तार से जुड़ा फर्जी पत्र भी हाईकोर्ट में दाखिल किया था.

# सीपीआई ने कृषि विभाग में बड़े पैमाने पर अनियमितता के लगाए आरोप, कहा- ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को दिया गया नया टेंडर

**रांची, संवाददाता ।**




इंडिया ब्लॉक की सहयोगी पार्टी सीपीआई ने कृषि एवं पशुपालन विभाग में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया है. सीपीआई के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं राज्य कार्यालय सचिव अजय सिंह ने दस्तावेज दिखाते हुए आरोप लगाया कि कृषि विभाग में आज अन्नदाता किसानों का नहीं, बल्कि भ्रष्ट अफसरशाही और ब्लैक लिस्टेड कंपनियों का दबदबा है. अपने उच्च अधिकारियों के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए निचले पदाधिकारी उन कंपनियों को काम दे रहे हैं, जो पहले ब्लैक लिस्टेड की जा चुकी हैं. अजय सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना के अंतर्गत पूरे झारखंड में किए गए कार्यों में कुल 18 कंपनियों की आपूर्ति की गई कृषि उपकरणों की गुणवत्ता की जांच के लिए कृषि निदेशक ने रैंडम आधार पर सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से जांच कराने का आदेश सभी जिलों को दिया था.

**चार कंपनियों द्वारा सप्लाई किए गए उपकरण नॉन स्टैंडर्ड**

19 जनवरी 2024 को CIPET से किसानों को सप्लाई किए गए उपकरणों की गुणवत्ता जांच का आग्रह किया गया था. 27 फरवरी 2025 को CIPET, रांची ने अपनी जांच रिपोर्ट विभाग को सौंप दी. रिपोर्ट में चार कंपनियों - RM Drip and Sprinkler System Limited, Bharat Drip Irrigation and Agro, Unnati Agriculture Pvt Ltd और Dev Polymers - द्वारा सप्लाई किए गए उपकरणों को नॉन-स्टैंडर्ड पाया गया.

**ब्लैक लिस्टेड एजेंसियों को नए ऑर्डर दिए जाने का आरोप**

इसके बाद तत्कालीन कृषि निदेशक ने अन्य जिलों में भी खराब गुणवत्ता की संभावना जताते हुए इन कंपनियों की आपूर्ति वाले जिलों में रैंडम जांच के निर्देश दिए. लेकिन अभी तक सभी जिलों की जांच रिपोर्ट सौंपी नहीं गई और न ही विभाग ने इन कंपनियों को काम देने पर रोक लगाई. उल्टे, ये कंपनियां पहले से ज्यादा कायार्देश लेकर काम कर रही हैं. पूर्व में ब्लैक लिस्टेड एजेंसियों को भी नए ऑर्डर मिल गए हैं, जो विभाग में लूट की छूट दशार्ता है. अजय सिंह ने कहा कि कृषि विभाग को PDMC योजना पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए. विभागीय सचिव से CIPET की पूरी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है. उन्होंने आरोप लगाया कि अफसरों और कंपनियों की मिलीभगत से किसान योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा और सरकार बदनाम हो रही है. सीपीआई नेता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से भ्रष्ट पदाधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की, ताकि दोषियों को सजा मिल सके. सीपीआई नेता के आरोपों पर जब मीडिया ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से पूछा तो उन्होंने कहा कि ब्लैक लिस्टेड एजेंसियों को दोबारा काम दिए जाने की कोई जानकारी उन्हें नहीं थी.



# झारखंड राज्यस्तरीय थैलेसीमिया/सिकल सेल पीड़ितों एवं परिजनों के संग झारखंड सरकार का आभार प्रकट बैठक हुआ

संवाददाता । रांची




आज झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन एवं ₹लहू बोलेगा₹ रक्तदान संगठन रांची के नेतृत्व में रिसालदार बाबा बैंकेट हॉल,डोरंडा, रांची में झारखंड भर के थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ितों/परिजनों की झारखंड राज्यस्तरीय बैठक हुई जिसमें झारखंड सरकार का आभार प्रकट कार्यक्रम हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता ₹लहू बोलेगा₹ रक्तदान संगठन रांची,झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन एवं झारखंड राज्य स्वैच्छिक संगठन कॉर्डिनेशन कमेटी के संस्थापक एवं राज्य कॉर्डिनेटर रक्तवीर नदीम खान ने किया।

झारखंड के इतिहास में पहली बार रक्त विकार रोग थैलेसीमिया/सिकल सेल एनीमिया एवं अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ितों पर झारखंड विधानसभा के संरक्षण,झारखंड सरकार के नेतृत्व में झारखंड विधानसभा के पटल पर कांग्रेस विधायक दल के नेता माननीय विधायक प्रदीप यादव जी ने यह मानवीय एवं अति संवेदनशील मामला बेहद मजबूती से उठाया जिससे झारखंड के पीड़ितों/परिजनों के लिए झारखंड सरकार के माननीय स्वास्थ्य मंत्री महोदय ने सराहनीय पहल करते हुए एक महीनें के अंदर में थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया एवं रक्तदान पर सभी स्तर के हर कार्यों को अंजाम दिया जाएगा।

जिसके लिए माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन महोदय, माननीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी महोदय,झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता माननीय प्रदीप यादव जी,झारखंड विधानसभा अध्यक्ष माननीय रविंद्रनाथ महतो,झारखंड विधानसभा के सभी माननीय सदस्य, झारखंड सरकार एवं सत्ताधारी पार्टी का आभार प्रकट करते हुए सभी ने एक दूसरे के खुशी में मिठाई खिलाई।

झारखंड थैलेसीमिया/सिकल सेल/अप्लास्टिक एनीमिया पर झारखंड सरकार एवं झारखंड विधानसभा के माननीय,झारखंड के सांसद एवं अन्य को पूर्व के दिए थैलेसीमिया पर दो मेमोरेंडम के 14 एवं 08 सूत्री मांगपत्र एवं झारखंड रक्तदान पर 19 सूत्री मांगपत्र को आभार कार्यक्रम में पढ़ा गया।

आभार प्रकट कार्यक्रम में वहीं दो थैलेसीमिया पीड़ित का जन्मदिन मनाया गया जिसमें 19 वर्षीय थैलेसीमिया पीड़ित स्नातक छात्रा सोनम कुमारी(रातू,रांची) एवं 05 वर्षीय थैलेसीमिया छात्र असद अफसर(इरबा,रांची) का केक काटकर सभी ने मिठाई खिलाई।

झारखंड थैलेसीमिया/सिकल सेल पीड़ितों/परिजनों को संगठित कर शुरूआत करने वाले स्वर्गीय हुई थैलेसीमिया पीड़ित के पिता रांची के हॉकर बजरंगी भुंइया(चुटिया,रांची),55 वर्षीय सिकल सेल पीड़ित गार्ड मो शमशुद्दीन(कडरू,रांची) एवं थैलेसीमिया पीड़ित की गृहणी माँ देवकी देवी(रातू,रांची) को शॉल के उठाकर सम्मानित किया गया।

थैलेसीमिया/सिकल सेल के पीड़ितों का अस्थाई भारतीय रेलवे कॉन्सेशन पास वितरित किया गया।

भारत सरकार के द्वारा एनपीए योजना के तहत 50 पीड़ितों के जीविकोपार्जन/छात्रवृत्ति का आवेदक बनाया गया(इस स्कीम के तहत 13 वर्ष के पीड़ितों के ऊपर लोगों को दो साल में 80,000 की राशि दी जाती है)

थैलेसीमिया/सिकल पीड़ितों का दिल्ली अपोलो एवं शोनित फाउंडेशन एवं लहू बोलेगा के द्वारा पीड़ितों/पीड़ित के भाई/बहन/माँ/बाप का एचएलए टेस्ट/बोन मैरो टेस्ट दो कैम्प में 19 पीड़ितों का मैच हुआ जिसकी आज घोषणा की गई।जल्द झारखंड सरकार,भारत सरकार,सीसीएल,एनजीओ के सहयोग से बोन मैरो ट्रांसप्लांट होगा।

वहीं झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन का 21 सदस्यीय टीम का पुनर्गठन हुआ,जिसमें पुरुष संयोजक संयोजक संजय टोप्पो एवं महिला संयोजक देवकी देवी हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत की कम्युनिस्ट पार्टी(मार्क्सवादी) झारखंड के राज्य सचिव कॉमरेड प्रकाश विप्लवी थे।कार्यक्रम में नदीम खान,संजय टोप्पो,देवकी देवी,सीमा देवी,सुरंजन बाड़ा,अजित मिश्रा पंडित जी,फरिहा बिलकिस,पुनिया उरांव, जयनाथ महतो,तरन्नुम प्रवीण,मोना सिंह,बृजेश कुमार,सोनम कुमारी,प्रगति प्रकाश,साक्षी सिंह,लकी उरांव,ऐलेक्स टोप्पो,इम्तियाज अहमद,अकरम राशिद,शाहनवाज अब्बास,सानिया आदि सैकड़ों परिजन शामिल थे।

# डोरंडा कॉलेज में आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र का किया गया उद्घाटन




संवाददाता । रांची

डोरंडा कॉलेज, राँची के परिसर में आज रविवार कोह्लआत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्रह्वका उद्घाटन परियोजना निदेशक, झारखण्ड महिला विकास समिति-सह-निदेशक, समाज कल्याण, श्रीमती किरण पासी (भा.प्र.से.) एवं डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राज कुमार शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस अवसर पर श्रीमती किरण पासी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मरक्षा सीखना बेटियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक बालिका को यह प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त करना चाहिए। झारखण्ड सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है तथा भविष्य में राज्य के सभी सरकारी कॉलेजों में किशोरियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किए जाने की दिशा में कार्य कर रही है, ताकि बालिकाएँ आत्मनिर्भर बन सकें, बाल विवाह से बच सकें।साथ ही अपनी शिक्षा पूर्ण कर सकें और आवश्यकता पड़ने पर स्वयं की रक्षा भी कर सकें।उन्होंने जानकारी दी कि इस केन्द्र के माध्यम से महाविद्यालय की छात्राओं को निःशुल्क कराटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो शिहान रंजीत मेहता (6इँ ऊ्अठइू"' ई'३) के मार्गदर्शन में संचालित होगा।

वहीं प्राचार्य डॉ. राज कुमार शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा संचालित रङ्क्ष्' ड४३शृ्ँ ढ१ङ्क्ष्ँशे के अंतर्गत यह पहल समाज के उत्थान की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध होगी। हमारी छात्राएँ ही नहीं, बल्कि समाज के वे सभी लोग जो बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं प्रशिक्षित बनाने में सहयोग करना चाहते हैं, उनके लिए महाविद्यालय हर संभव प्रयास करने हेतु सदैव तत्पर है।बता दें कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत झारखण्ड राज्य में बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने की यह एक विशेष पहल है, जिसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में झारखण्ड महिला विकास समिति एवं डोरंडा कॉलेज के संयुक्त प्रयास से प्रारम्भ किया गया है।मौके पर कराटे प्रशिक्षण हेतु विशेष रूप से सुसज्जित ह्लकराटे डोजो कक्षह्व का भी उद्घाटन किया गया।

# क्रिसमस फीवर की शानदार शुरूआत

संवाददाता । रांची



आज आईफा इंटरनेशनल रांची में क्रिस्मस फीवर की रंगारंग शुरूआत हुई। इस अवसर पर ₹ड्रेस लाइक शांता₹ तथा ₹पेंटिंग कंपटीशन₹ का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। नन्हे-नन्हे सांता बने बच्चों ने रैंप वॉक कर दर्शकों का दिल जीत लिया, वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता रंगों के माध्यम से उभरकर सामने आई।इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सगुफता बानो, सदाना परवीन तथा अलमा हसन शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार डायरेक्टर मोहम्मद साबिर हुसैन के द्वारा प्रदान किए गए। पूरे परिसर में क्रिस्मस की खुशियाँ, उल्लास और बच्चों की मुस्कान छाई रही, जिसने इस आयोजन को यादगार बना दिया। ???

# रांची प्रेस क्लब का चुनाव संपन्न अध्यक्ष बने शंभू नाथ और अभिषेक को मिली सचिव की जिम्मेवारी

## 843 सदस्यों ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग, 93 प्रतिशत बम्पर वोटिंग



संवाददाता । रांची

रांचीः द रांची प्रेस क्लब का आम चुनाव संपन्न हो गया। चुनाव में कुल 843 मतदाता शामिल हुए। 781 वोटरों ने चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया और बंपर वोटिंग हुई।मतदान के बाद देर रात तक चले मतगणना में अध्यक्ष के रूप में शम्भूनाथ चौधरी, महासचिव अभिषेक सिन्हा, उपाध्यक्ष विपिन उपाध्याय, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, संयुक्त सचिव के रूप में चंदन भट्टाचार्य निर्वाचित घोषित हुए। वहीं 10 कार्य समिति सदस्यों में प्रतिमा कुमारी, संजय सुमन, सौरभ शुक्ला, विजय गोप, अशोक गोप, चंदन वर्मा, राजन बॉबी निर्भय कुमार, संतोष कुमार सिन्हा, अमित कुमार ने बाजी मारी। मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद सेवानिवृत्ति विश्वनाथ साहू ने सभी विजेता अधिकारी वर्ग और कार्य समिति सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में चुनाव संचालन समिति के आरओ के रूप में सेवानिवृत्त जज विश्वनाथ साहू, एआरओ प्रभात सिंह, संचालन समिति में कन्वेनर के रूप में प्रमोद सिंह, आरजे अरविंद, रेखा पाठक, मोनू कुमार, अशोक द्विवेदी, गुलाम शाहिद, रंजीत कुमार, पिसी झा ने अपनी प्रमुख भूमिका निभाई।चुनाव संचालन समिति ने चुनाव को सफल बनाने के लिए रांची प्रेस क्लब के सभी पत्रकार सदस्यों का आभार जताया।

# राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए रांची से 6 पुरुष और 2 महिला बॉक्सिंग खिलाड़ियों का चयन

संवाददाता । रांची



रांची 14 दिसंबर- सीनियर बॉक्सिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता को देखते हुए। झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन ने दिनांक 17 से 18 दिसम्बर 2025 को जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दो दिवसीय राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होना है।जिसको देखते हुए गुलाम जावेद कोषाध्यक्ष रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के देखरेख में रांची जिला के सीनियर बॉक्सरों महिला एवं पुरूष का चयन शिविर खेलगांव स्थित बॉक्सिंग हॉल होटवार रांची मे संपन्न हुआ।

रांची जिला के मान्यता प्राप्त क्लब के खिलाड़ी इस चयन शिविर में हिस्सा लिए जिसमें रांची से 6 पुरुष और 2 महिला बॉक्सिंग खिलाड़ियों का चयन हुआ।जो इस प्रकार है।

लड़कियों में

57 से 60 कि ग्र में स्नेहा कुमारी गुप्ता60 से 65 कि ग्र में काजल कुमारी का चयन हुआ।टीम कोच गुलाम जावेद टीम मेनेजर आशुतोष कुमार का चयन हुआ। जिसमें बीबी मोहंती द्रोणाचारी अवॉर्डी उपस्थित रहे।आर.जे विमल आनंद नाग,सचिन कुमार उपस्थित थे। मुख्य रूप से कोच कमल किशोर कच्छप,प्रमोद सिंह,गुलाम गौस कुरैशी,सिंटू कुमार,निशांत कुमार,लालचंद लोहार उपस्थित थे।

### लड़कियों में

57 से 60 कि ग्र में स्नेहा कुमारी गुप्ता 60 से 65 कि ग्र में काजल कुमारी का चयन हुआ।टीम कोच गुलाम जावेद टीम मेनेजर आशुतोष कुमार का चयन हुआ। जिसमें बीबी मोहंती द्रोणाचारी अवॉर्डी उपस्थित रहे।आर.जे विमल आनंद नाग,सचिन कुमार उपस्थित थे। मुख्य रूप से कोच कमल किशोर कच्छप,प्रमोद सिंह,गुलाम गौस कुरैशी,सिंटू कुमार,निशांत कुमार,लालचंद लोहार उपस्थित थे।

### पुरुषों में

47 से 50 कि ग्र में दिव्यांश ओझा
50 से 55 कि ग्र में रोहित कुमार
55 से 60 कि ग्र में अविनाश कुमार
60 से 65 कि ग्र में जय कुमार महतो
65 से 70 कि ग्र में रोहित कुमार यादव
70 से 75 कि ग्र में सचिन कुमार

# वोट चोर गद्दी छोड़ एवं भ्रष्ट चुनाव आयोग के खिलाफ एकता के साथ संपूर्णक्रांति व जेल भरो आंदोलन की जरूरत : कैलाश यादव

संवाददाताा



आज दिनांक 14/11/25 को प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने भ्रष्ट बेईमान तानाशाह मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं वोट चोरी गद्दी छोड़ के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र में सत्तासीन असफल व जनविरोधी नरेंद्र मोदी सरकार एक भी वादे पूरे नहीं किए !

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का चेहरा इन दिनों काफी नर्वस एवं झुका हुआ है और उनके मिजाज पूर्व की भांति अब ज्यादा कुछ चहल पहल नहीं दिखता हैं !

विदित है भाजपा नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जैसे नेताओं ने खुलकर फ्रर के विचारधारा का गुणगान कर रहे हैं बीते दिनों अंडमान में संघ प्रमुख मोहन भागवत और गृहमंत्री अमित शाह ने अंग्रेजों से माफी मांगने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का हत्यारा नाथूराम गोडसे को मानने वाले वीर सावरकर का मूर्ति का अनावरण कर माल्यार्पण किया है !इस कार्य से स्पष्ट हो गया कि देश में पीएम नरेंद्र मोदी देश के आम आदमी की चिंता छोड़कर अब सिर्फ संघ के एजेंडा को लागू करने की ओर कार्य कर रहे हैं !

यादव ने कहा कि बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयं संघ ने गुरु गोवरकर वीर सावरकर जैसे लोगों को महिमंदित कर देश की आजादी के लिए शहीद हुए भारत के स्वतंत्रता सेनानियों के कुबार्नी का अपमान कर रहे हैं ! लाखों क्रांतिकारी साथियों के संघर्ष और बलिदान देने वाले को भुलाया नहीं जा सकता है !जब से देश में नरेंद्र मोदी की सरकार आई है कमरतोड़ महंगाई पलायन बेरोजगारी भ्रष्टाचार और बेतहाशा गरीबी बढ़ाई है ! वर्तमान स्थिति में मोदी सरकार के सभी सरकारी एवं संवैधानिक संस्थान, न्यायपालिका कार्यपालिका और विधायिका पर कब्जा करने का काम किया जा रहा है ! सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर चुनाव आयोग के माध्यम से सभी स्थानों पर वोट चोरी किया जा रहा है !देश की जनता भुखमरी बेरोजगारी पलायन महंगाई सुरक्षा विधि व्यवस्था शिक्षा एवं स्वास्थ चिकित्सा तथा खेतिहर किसान मजदूर परेशान और त्राहिमान त्राहिमाम कर रहे हैं लेकिन इसके बावजूद प्रदेशों में चुनाव होने के दौरान बीजेपी सभी जगह दो तिहाई बहुमत से सत्ता में आ रही है ! ईडी सीबीआई इनकम टैक्स का इस्तेमाल कर विपक्षी राजनेताओं को डराया जा रहा है !

# ब्रीफ न्यूज

## श्रीमती रीता सिंह ने एकता कमेटी में बांटे गरीबों को कंबल



संवाददाता ।

**गरीबों जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म रीता सिंह**

रांची ।आज रविवार को सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी रांची के मुख्य कार्यालय में मुख्य अतिथि मैडम रीता सिंह जी ने गरीबों असहाय जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि मैडम रीता सिंह जी ने कहा के गरीब जरूरतमंद लोगों को मदद करना सबसे बड़ा धर्म है मानवता इंसानियत को हमेशा हर व्यक्ति हर इंसान को बनाए रखना चाहिए मानव सेवा से बड़ा कोई भी धर्म नहीं होता इस शुभ अवसर पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा और सचिव रामेश्वर राम ने मुख्य अतिथि मैडम श्रीमती रीता सिंह जी को साल ओढा कर और बुके देकर सम्मानित किया आज भारतीय एकता कमेटी के मुख्य कार्यालय में 140 कंबलों का वितरण किया गया और बहुत लोग अभी बाकी हैं उन लोगों को भी कंबल दिया जाएगा कई मोहल्ले के लोगों को कंबल दिया गया जैसे पहाड़ी मंदिर के पास से रातु हुरहुरी धुर्वा काली मंदिर रोड नजीर अली लेन चर्च रोड कुरैशी मोहल्ला आजाद बस्ती इस्लाम नगर पत्थर कुड़वा मिल्लत कॉलोनी कर्बला चौक और कई मोहल्ले के लोगों को कंबल मिला आज के इस कार्यक्रम में श्री आर के सिंह श्री संजय पाल संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा सचिव रामेश्वर राम प्रोफेसर मोहम्मद वसीम निसार बाबा मोहम्मद इब्राहिम मोहम्मद सितारे मोहम्मद खुर्शीद मनोज राम पवन कुमार मोहम्मद जफर मोहम्मद अशफाक गुलाम अरबाज मोहम्मद नसीम खुर्शीद आलम प्रमोद कुमार मोहम्मद जीशान और कई लोग उपस्थित थे।

## एआईएलईटी परीक्षा में रांची-जमशेदपुर के 500 छात्र हुए शामिल, प्रश्नपत्र रहा आसान

संवाददाता ।



रांची। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली में प्रवेश के लिए आयोजित ऑल इंडिया लॉ एंट्रेंस टेस्ट में रांची और जमशेदपुर के परीक्षा केंद्रों पर लगभग 500 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। परीक्षार्थियों की प्रतिक्रिया के अनुसार, एआईएलईटी का समग्र स्तर आसान रहा। अधिकांश खंड सरल थे, जबकि सामान्य ज्ञान (जनरल नॉलेज) का भाग कुछ छात्रों को अपेक्षाकृत कठिन लगा। इसके बावजूद परीक्षा के बाद छात्र अपने प्रदर्शन को लेकर संतुष्ट और आत्मविश्वास से भरे नजर आए। परीक्षा पर प्रतिक्रिया देते हुए लीगल एज रांची के निदेशक निशांत तिवारी ने कहा कि प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत आसान था और निर्धारित परीक्षा पैटर्न के अनुरूप था। उन्होंने बताया कि परीक्षा के बाद छात्रों में सकारात्मक माहौल देखने को मिला। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अस्थायी उत्तर कुंजी (प्रोविजनल आंसर की) परीक्षा के 2 से 3 दिनों के भीतर जारी किए जाने की संभावना है।

## वनवासी कल्याण केंद्र ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर



संवाददाता ।

रांची। वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा 317 वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर रविवार को तोरपा प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मामला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक कोचे मुंडा के सहयोग से किया गया। यह केंद्र पिछले 29 वर्षों से प्रत्येक माह सुदूर वनवासी क्षेत्रों में जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करता आ रहा है। शिविर के दौरान रांची महानगर समिति के अध्यक्ष सज्जन सर्राफ ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य वनवासी भाइयों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है, ताकि स्वस्थ भारत का निर्माण हो सके। वरीय उपाध्यक्ष किशोरी लाल चौधरी ने बताया कि समिति समाज के दानवीरों के सहयोग से लगातार 29 वर्षों से प्रत्येक माह ऐसे शिविर आयोजित कर रही है। पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने बताया कि शिविर में लगभग 300 ग्रामीण महिला, पुरुष एवं बच्चों का निःशुल्क इलाज किया गया तथा उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में रांची एवं खूंटी के चिकित्सकों का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल एवं साड़ी का भी वितरण किया गया। शिविर में रांची से आए 50 से अधिक लोगों ने सहभागिता की, जिनमें राजेश खंडवाल, राकेश चौधरी, पूर्व जज पी.एन. पांडे, ओम प्रकाश अग्रवाल, प्रकाश बजाज, विकास अग्रवाल सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आनंद मार्ग प्रचारक संघ रांची भुक्ति के तत्वावधान में छह घंटे का अखंड

संवाददाता ।



रांची : आनंद मार्ग प्रचारक संघ रांची भुक्ति के तत्वावधान में रविवार को हेसल स्थित मधु मंजूषा में 6 घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रभात संगीत एवं गुरु पूजा का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों आनंद मार्गियों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। रांची भुक्ति के भुक्ति प्रधान विजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आनंद मार्ग की कीर्तन पद्धति व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि आनंद मार्ग की योग एवं साधना पद्धति भी शरीर और मन दोनों को संतुलित एवं मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के उपरांत सामूहिक भोजन (प्रसाद) का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजय कुमार, धनंजय दादा, मृदुला सिंह, पंचू उरांव, रविंद्र प्रसाद, अशोक कुमार, बबीता देवी सहित बड़ी संख्या में आनंद मार्गी उपस्थित थे।

# सिंबायोसिस किड्स स्कूल का 'किड्स कार्निवल-2025' बना बच्चों की प्रतिभा और रचनात्मकता का भव्य उत्सव

**धनबाद, संवाददाता**



बरवाअड्डा स्थित सिंबायोसिस किड्स स्कूल में रविवार को आयोजित किड्स कार्निवल-2025 बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मक सोच और आत्मविश्वास का भव्य उत्सव बनकर सामने आया। विद्यालय की प्राचार्या रीना मंडल के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में संपन्न इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि सिंबायोसिस किड्स स्कूल बीते पाँच वर्षों से बच्चों को केवल शैक्षणिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास, सृजनात्मकता और जीवन कौशल को भी समान महत्व देता है। यह कार्निवल विद्यालय की उसी दूरदर्शी सोच और प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण रहा, जहाँ बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का खुला, प्रेरक और सुरक्षित मंच मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर सिंदरी के पूर्व विधायक फूलचंद मंडल, मुख्य अतिथि डॉ. विश्वजीत पॉल (प्रोफेसर, आईआईटी-आईआईएम धनबाद), विद्यालय के निदेशक आशीष मंडल, प्राचार्या रीना मंडल, सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल के सचिव धरणीधर मंडल तथा प्राचार्या विद्या सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत श्लोक पाठ एवं मधुर स्वागत गीत 'मंगलदीप जले' से हुई, जिसने पूरे विद्यालय परिसर को सकारात्मक ऊर्जा और उल्लास से भर दिया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और बच्चों का आत्मविश्वास**

किड्स कार्निवल-2025 में नर्सरी से लेकर कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षणिक गतिविधियाँ और रचनात्मक प्रस्तुतियाँ दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। विशेष रूप से प्ले ग्रुप के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा 'मेरी क्रिसमस' गीत पर प्रस्तुत मनमोहक नृत्य ने सभी का दिल जीत लिया। मंच पर बच्चों की सहजता, आत्मविश्वास और मासूम अभिव्यक्ति ने अभिभावकों को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि डॉ. विश्वजीत पॉल ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा निखरकर सामने आती है। इससे उनमें सीखने की ललक, आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच और टीमवर्क की भावना का विकास होता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि प्रारंभिक स्तर पर ऐसा मंच मिलना बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होता है।

**बहुविषयक प्रदर्शनी और सीखने का नया अनुभव**

किड्स कार्निवल-2025 के अंतर्गत लगभग 60 मॉडलों की एक भव्य बहुविषयक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने शिक्षा को व्यवहारिक और रोचक रूप में प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में झारखंड मॉडल, बंगाली संस्कृति दर्शन, सूर्य और तुलसी का महत्व, बांस का उपयोग, हिंदी एवं पारंपरिक खेल, गुड्डी-गुड़िया की शादी, थ्री-डायमेंशनल एटीएम मशीन, संस्कृति और मूल मंत्र, सोलर सिस्टम, वायुमंडल की परतें, जंगल कटाई, दिन-रात का निर्माण, गंगा तंत्र, वर्किंग मॉडल, अलजेब्रिक एक्सप्रेशन, मैथ्स क्यूब रूट, रेन डिटेक्टर मॉडल, ऑटोमेटिक वाटर डिस्पेंसर सहित अनेक ज्ञानवर्धक और रचनात्मक मॉडल विशेष रूप से सराहे गए। बच्चों ने स्वयं अपने मॉडलों की जानकारी देकर दर्शकों को प्रभावित किया।

**फूड स्टॉल और व्यावहारिक सीख**

कार्निवल में बच्चों द्वारा लगाए गए फूड स्टॉल भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। खासकर झालमूढ़ी स्टॉल ने सभी का ध्यान खींचा। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा स्वयं स्टॉल लगाकर सामग्री बेचना उनके भीतर आत्मनिर्भरता, जिम्मेदारी और व्यावहारिक ज्ञान के विकास का सुंदर उदाहरण रहा। अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की और बच्चों की प्रस्तुतियों को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्राचार्या रीना मंडल ने कहा कि किड्स कार्निवल केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को एक साथ जोड़ने का सशक्त माध्यम है। यह मंच बच्चों को प्रयोग करने, सीखने और अपनी बात को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी। कुल मिलाकर, सिंबायोसिस किड्स स्कूल का किड्स कार्निवल-2025 प्राचार्या रीना मंडल के नेतृत्व में एक यादगार, रंगारंग और शिक्षाप्रद आयोजन साबित हुआ, जिसमें बच्चों की खुशी, उत्साह और सीखने की ललक हर चेहरे पर साफ झलकती नजर आई।

## संडे/हॉलिडे ड्यूटी कटौती के विरोध में एबीजी कोलियरी में कार्य बहिष्कार, प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी



**धनबाद, संवाददाता**

रविवार को एबीजी कोलियरी के ब्लॉक-4 परियोजना स्थित हाजरी घर के समीप यू को व यू (यूनाइटेड कोल वर्क्स यूनियन) से संबद्ध श्रमिकों एवं यूनियन प्रतिनिधियों ने संडे/हॉलिडे ड्यूटी में कटौती और प्रबंधन की कथित मनमानी के विरोध में कार्य बहिष्कार कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान श्रमिकों ने बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए यूनाइटेड कोल वर्क्स यूनियन के शाखा सचिव संजय कुमार ने कहा कि कोलियरी प्रबंधन लगातार श्रमिकों की सुविधाओं में कटौती कर रही है और मजदूरी से संबंधित लाभों में भी मनमाने तरीके से कटौती लागू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि मजदूर विषम परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बीच पूरी निष्ठा से कोयला उत्पादन का कार्य कर रहे हैं। वही शाखा सचिव ने चेतावनी दी कि यदि पूर्व की भांति संडे/हॉलिडे ड्यूटी नहीं दी गई तो श्रमिक पूरी तरह से कार्य बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर अध्यक्ष सुकर महतो, उस्मान अंसारी, विजय पांडे, धनंजय बावरी, देवाशीष सिद्धांतों, राजू रवानी, किसुन महतो, चंद्रशेखर पासवान, सर्वेश यादव, रंजय यादव, रविंद्र रवानी, आतिश कुमार लाल, प्रद्युमन नोनिया, जगदीश प्रसाद, सुभाष रवानी, अनुज प्रसाद, राजकिशोर सिंह, सुरेंद्र कुमार, नूर हुसैन, उमेश बेलदार, रामविलास साव सहित बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबर

### बोकारो में खेलों का महाकुंभ: सांसद खेल महोत्सव से चमकेगा नया टैलेंट



**बोकारो** : बोकारो का मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम शनिवार को खेलों के जोश और जुनून से गूंज उठा, जब सांसद खेल महोत्सव का रंगारंग आगाज हुआ। 14 दिसंबर से शुरू हुआ यह खेल महाकुंभ 24 दिसंबर तक चलेगा, जहां बोकारो और धनबाद क्षेत्र के करीब दो हजार खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाएंगे। उद्घाटन समारोह में धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो और पूर्व अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज एंजेला सिंह,पूर्व अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी अजय सिंह की मौजूदगी ने खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना कर दिया। सांसद और वरिष्ठ खिलाड़ियों ने हरी झंडी दिखाकर खेलों की शुरूआत की, वहीं खिलाड़ियों ने खेल भावना और अनुशासन की शपथ लेकर मैदान में उतरने का संकल्प लिया। इस महोत्सव में फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल सहित कुल 10 खेलों का आयोजन किया जा रहा है। मैदान के हर कोने में प्रतिस्पर्धा, मेहनत और जीत का जज्बा साफ नजर आ रहा है। सुबह से ही स्टेडियम में खिलाड़ियों की चहल-पहल और दर्शकों की तालियों ने माहौल को उत्सव में बदल दिया। वहीं खेल के शुरूआत से पहले झारखंड के पारंपरिक छौ नृत्य का भी आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एंजेला सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का मंच मिलता है। उन्होंने भरोसा जताया कि यहां से निकलने वाले खिलाड़ी आने वाले समय में देश का नाम रोशन करेंगे। वहीं सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से खिलाड़ियों को बेहतर मंच देने का प्रयास किया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला मंच है, जहां मेहनत को पहचान और प्रतिभा को दिशा मिलती है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि एंजेला सिंह, अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉलर अजय सिंह, कबड्डी से विपिन कुमार, जिलाध्यक्ष जयदेव राय, पूर्व जिला अध्यक्ष रोहित लाल सिंह, परिंदा सिंह माना सिंह, सांसद प्रतिनिधि अमर सोनकर, विक्रम महतो भाजपा युवा जिलाध्यक्ष विनोद महतो, फुटबॉलर अमजद अली, गौर रजवार, कनक, संगठन के रमेश बाबू, अरुण झा, सत्येंद्र सिंह, सुदामा, संजय, पायल, आरबी ओझा, संजय मोदी, बीएन देव, निर्मल मांझी, मुरली, बोधरा, विश्वनाथ, महेंद्र संहिता ने मौजूद रहे।

### बोकारो में 'हैप्पी स्ट्रीट' के चौथे सीजन का उल्लासपूर्ण और भव्य शुभारंभ

**बोकारो**: बोकारो शहर में रविवार को हैप्पी स्ट्रीट के चौथे सीजन का भव्य शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ हुआ। यह आयोजन शहरवासियों के लिए स्वस्थ जीवनशैली, सामाजिक सहभागिता और आनंद का प्रमुख केंद्र बना। कार्यक्रम का उद्घाटन बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा ने किया। इस आयोजन में बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) की अहम भूमिका रही। उद्घाटन अवसर पर बीएसएल के लिंक डायरेक्टर एवं राउरकेला स्टील प्लांट के डायरेक्टर इंचार्ज आलोक वर्मा, अधिशासी निदेशक (एचआर) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (परियोजना) अनीष सेनगुप्ता, ईडी (मेडिकल) डॉ. बी.बी. करुणामय, अधिशासी निदेशक (एसआरयू) पी.के. रथ, अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) अनूप कुमार दत्त, सीजीएम (टाउन एडमिनिस्ट्रेशन) कुंदन कुमार, सीजीएम (टेक्निकल) लक्ष्मी दास, बीएसएल कम्युनिकेशन से मणिकंदन, अभिनव शंकर तथा टाउन एडमिनिस्ट्रेशन से अविनाश कुमार सहित हैप्पी स्ट्रीट के कोऑर्डिनेटर और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने नृत्य, गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत बना दिया। बच्चों और युवाओं द्वारा लगाए गए फूड स्टॉल, हर्बल उत्पादों के काउंटर और रचनात्मक स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। ठंड के बावजूद सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग आयोजन स्थल पर पहुंचे। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की सहभागिता ने इसे खास बना दिया। हैप्पी स्ट्रीट अब बोकारो में स्वास्थ्य, खुशी और सामाजिक एकता का मजबूत प्रतीक बन चुका है और चौथे सीजन में भी लोगों का उत्साह पहले जैसा ही देखने को मिला।

### बोकारो: किशोरी क्लब के प्रयास से बाल विवाह पर लग रही है लगाम

**कसमार (बोकारो)**: बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के उद्देश्य से बोकारो जिले के कसमार प्रखंड में सहयोगिनी संस्था द्वारा 'किशोरी क्लब' के माध्यम से विभिन्न जागरूकता एवं क्षमता-निर्माण गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रयासों से किशोरियों में नेतृत्व क्षमता का विकास हो रहा है, जिससे वे बाल विवाह की परंपरा को तोड़ने में सफल हो रही हैं। ?सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण और मंजू देवी ने बताया कि कसमार प्रखंड के 11 गांवों में किशोरियों के साथ मिलकर नेतृत्व क्षमता विकास को लेकर विशेष गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि प्रखंड की गरी, सोनपुरा और पोंडा पंचायत के 11 गांवों में लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नियमित बैठकें आयोजित कर बाल विवाह और अन्य सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाती है। किशोरियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो, घरेलू हिंसा अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम सहित अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जाती है। इसके साथ फुटबॉल और विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जो टीम भावना और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं। स्टेकहोल्डर बैठक, नेतृत्व क्षमता प्रशिक्षण, लाइफ स्किल प्रशिक्षण जैसी गतिविधियों के माध्यम से किशोरियों की नेतृत्व क्षमता का विकास हो रहा है। वे अब बाल विवाह से संबंधित हानिकारक परंपराओं को चुनौती देने और तोड़ने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। किशोरी क्लब का यह प्रयास ग्रामीण स्तर पर लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

### नावाडीह प्रेस क्लब की बैठक सम्पन्न, नये साल की कार्ययोजना पर हुई विस्तृत चर्चा

**नावाडीह (बेरमो)**: नावाडीह प्रखंड अंतर्गत विनोद बिहारी उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को प्रेस क्लब की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष बसु बिहारी महतो ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रेस क्लब के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, नये वर्ष 2026 की कार्ययोजना तथा प्रेस क्लब के औपचारिक गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस क्रम में संबंधित सांसद से मुलाकात कर प्रेस क्लब (निर्माण)को सशक्त स्वरूप देने पर सहमति बनी। साथ ही वर्ष 2026 के आगमन पर प्रेस क्लब के बैनर तले वन भोज आयोजन का निर्णय लिया गया, जिसकी तिथि 7 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। प्रेस क्लब को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से प्रेस क्लब का बैंक खाता खुलवाने तथा प्रत्येक सदस्य द्वारा 100 प्रतिमाह सहयोग राशि जमा करने का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

## पांच माह से वेतन का भुगतान नहीं होने से मजदूरों में भारी रोष



**धनबाद, संवाददाता**

बीसीसीएल के पूर्वी झरिया क्षेत्र अंतर्गत सुदामडीह पांच नंबर साइडिंग में कार्यरत लगभग 50 ठेका मजदूरों को बीते पांच माह से वेतन का भुगतान नहीं किए जाने से मजदूरों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मजदूरों की इस गंभीर समस्या के समाधान एवं उनके समर्थन में सिंदरी के विधायक चंद्रदेव महतो सुदामडीह पांच नंबर साइडिंग पहुंचे। मौके पर विधायक श्री महतो ने मजदूरों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और बीसीसीएल प्रबंधन व संबंधित ठेका कंपनी की मनमानी पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि मजदूरों के हक और मेहनत की कमाई को रोकना सरासर अन्याय है और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से तत्काल बकाया वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की तथा चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो मजदूरों के साथ मिलकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## धनबाद सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

# सांसद खेल महोत्सव प्रधानमंत्री के दूरदर्शी विचार का परिणाम : सांसद

**धनबाद, संवाददाता**



राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में रविवार से धनबाद सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ किया गया।उद्घाटन मुख्य अतिथि सह पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने किया। खेल महोत्सव की शुरूआत जूडो प्रतियोगिता से हुई। इस अवसर पर सांसद ढ़ूलु महतो ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विचार का परिणाम है। जिसके तहत देश के युवाओं को खेल से जोड़ने, उनकी खेल प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय सस्तर पर पहचान दिलाने के लिए आयोजित एक बड़ा आयोजन है। सांसद खेल महोत्सव देश भर में आयोजित किया जा रहा है। हमारे क्षेत्र के बच्चों के लिए ऐसे खेल महोत्सव के आयोजन से प्रतिभाओं के लिए एक मजबूत मंच मिलेगा और इस पहल से प्रतिभाओं को पहचान और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाएगी। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि यह एक राष्ट्रव्यापी खेल उत्सव है जो 'खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण' के विचार पर आधारित है, जिसमें हर नागरिक को स्वस्थ और सक्रिय रहने तथा अपनी खेल क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है। सांसद खेल महोत्सव केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि एक व्यापक स्वास्थ्य उत्सव है जो युवाओं को सक्रिय जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम का संचालन जिला सांसद प्रतिनिधि नितिन भट्ट तथा शशि प्रकाश ने और धन्यवाद ज्ञापन संजय झा ने किया। राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम इस कार्यक्रम के संयोजक विजय कुमार शर्मा तथा जूडो एसोसिएशन धनबाद के सचिव पप्पू कुमार जी के देखरेख में सफल हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के अध्यक्ष श्रवण राय,प्रदेश कार्य समिति सदस्य सत्येंद्र कुमार, संजीव अग्रवाल, प्रियंका पाल, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता महावीर पासवान, चेतन गोयंका, महानगर महामंत्री धनेश्वर महतो, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष बलदेव महतो, रमा सिंहा, मुकेश मनीष साहू, सुनील कुमार गुप्ता, मिल्टन पार्थ सारथी, सुनील चौधरी, अमलेश सिंह, रिंकू सिंह, उमेश यादव, सनी रवानी, सूरज पासवान, मनोज सिंह, अभिषेक पांडे, प्रितपाल सिंह अजमानी, विकास कंधवे, बॉबी पांडे, सुजीत झा, प्रमोद सिंहा, जितेंद्र मालाकार, जितेंद्र गुप्ता, रवि झाम, अनिल शर्मा इंद्रजीत मंडल मिथिलेश सिंह, राजेश श्रीवास्तव, कैलाश गुप्ता, उमेश सिंह, प्रमोद लाला, अजय तिवारी, अनिल शर्मा, अजय दुबे, मिथिलेश सिंह, राजेश श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में रामगढ़ विधायक ममता देवी की भागीदारी

**रामगढ़, संवाददाता**



नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक रामलीला मैदान में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित वोट चोरझगद्दी छोड़ो महारैली में रामगढ़ की लोकप्रिय विधायक ममता देवी ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस विशाल जनसभा में देशभर से कांग्रेस कार्यकर्ता, नेता एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। महारैली को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा और संविधान की मजबूती के लिए कांग्रेस पार्टी लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार जनमत की अनदेखी कर सत्ता का दुरुपयोग कर रही है, जिसे अब देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। ममता देवी ने कहा कि वोट चोर-गद्दी छोड़ो महारैली जनता की आवाज है और यह संदेश स्पष्ट करता है कि देश की जनता अपने अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष करने को तैयार है। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर लोकतंत्र बचाने की लड़ाई को और तेज करने का आह्वान किया। महारैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की उपस्थिति ने कार्यकताओं में नया जोश और उत्साह भर दिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस जिला प्रवक्ता व मिडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश आदि।

## आशुतोष फार्मा में फ्री मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गयरा

**रामगढ़, संवाददाता**



नेहरू रोड स्थित आशुतोष फार्मा परिसर में फ्री मेडिकल जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभ उद्घाटन डॉ आर के झा के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने अपना फ्री मेडिकल चेक अप कराया। आज अधिकतर लोगों का फ्री ब्लड प्रेशर जाँच, डाइबिटीज जाँच, वजन जाँच किया गया। आज अधिकतर लोगों को हेल्थ गाइड किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी महिला जनाधिकार मंच की प्रदेश अध्यक्ष मधु गुप्ता ने कहा कि हम सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है। स्वस्थ जीवन में स्वास्थ्य का सही होना जरूरी है। आज आशुतोष फार्मा ने फ्री मेडिकल जाँच शिविर लगाया उसके लिए हम आभार व्यक्त करते हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से आशुतोष फार्मा के संचालक जयप्रकाश गुप्ता, रूपलता कुमारी, दशरथ प्रसाद गुप्ता, कंचन कुमार, सत्यनारायण राय, रविशंकर राय, स्वीटी देवी, रणजीत कुमार, जितेंद्र कुमार, पीयूष कुमार अग्रवाल, पूजा झा, सुलेखा घोष, चंदन कुमार चटर्जी, रूपा भुइया, विश्वनाथ करमाली, कमला देवी, मो सलमान, दिनेश शर्मा, महेंद्र सिंह, रेणु देवी, राजेश कुमार वर्मा, अशोक कुमार, अनिल प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस तरह के आयोजन की सराहना की।

## विस्थापित परिवारो के शिकायतों के निराकरण हेतु विधायक रोशन लाल ने राज्यपाल से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

**रामगढ़, संवाददाता**



बड़कागांव-- विधायक रोशन लाल चौधरी ने लोकभवन जाकर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार जी से शिष्टाचार मुलाकात की। विधायक ने राज्यपाल को झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग गठन कार्य एवं दायित्व नियमावली 2025 को सुदृढ़ वैधानिक एवं क्रियाशील बनाने को लेकर सुझाव देने से संबंधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि गठित झारखंड राज्य विधानसभा एवं पुर्नवास आयोग सभी सुझावों के समावेश करने से झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग केवल परामर्श निकाय नहीं रहेगा बल्कि एक स्वतंत्र सशक्त एवं अर्थ न्यायिक संस्था के रूप में स्थापित होगा जो विकास एवं न्याय दोनों के बीच संतुलन कायम रख सकेगी। यह आयोग न केवल विस्थापितों के अधिकारों की रक्षा करेगा बल्कि झारखंड को एक मानव केंद्रित विकास मॉडल की दिशा में अग्रसर करेगा। साथ ही उन्होंने राज्यपाल का ध्यान हजारीबाग जिला अंतर्गत एनटीपीसी की कई परियोजनाओं, सीसीएल की परियोजनाओं एवं रामगढ़ जिला अंतर्गत पीवीयूएनएल पतरातू परियोजनाओं से संबंधित विस्थापित परिवारों के मुआवजाओं रोजगार एवं पुनर्विस्थापन संबंधित लंबित शिकायतों के निराकरण की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। विधायक ने राजपाल से सभी निर्णय के अनुपालन की उच्च स्तरीय निगरानी सुनिश्चित करते हुए विस्थापितों परिवारों को मुआवजा रोजगार व पुनर्विस्थापन संबंधित लंबित शिकायतों का निराकरण करने को लेकर जिला प्रशासन व परियोजना प्रबंधन को आवश्यक निर्देश देने विस्थापित परिवारों को के मूलभूत अधिकारों की रक्षा को लेकर आवश्यक संवैधानिक एवं प्रशासनिक कार्रवाई करने का आग्रह किया। मौके पर कर्मचारी साव, सुंदर गुप्ता, विनोद नायक, किशोर महतो भोला महतो संतोष कुमार, गणेश साव मौजूद रहें ।

## भाजपा बरलंगा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद



**रामगढ़, संवाददाता**

देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा मंदिर में मां छिन्नमस्तिका के दर्शन और पूजन-अर्चना करने रविवार को गोला प्रखंड अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी बरलंगा मंडल के नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार प्रसाद पार्टी कार्यकताओं के साथ मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा के दरबार में पूजा-अर्चना कर मां छिन्नमस्तिका का आशीर्वाद लिया। उन्होंने ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर जनकल्याण, सुख-समृद्धि तथा सभी के मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। बरलंगा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार प्रसाद ने मां छिन्नमस्तिका के दरबार में बरलंगा मंडल से पहुंचे लोगों के बीच में ठंड से बचाव हेतु जैकेट का वितरण किया।अध्यक्ष महेंद्र कुमार प्रसाद ने मां छिन्नमस्तिका के दरबार में मां छिन्नमस्तिका से आशीर्वाद प्राप्त कर लोगों को आश्वस्त किया कि वें लोगों की सेवा पहले की तरह और अधिक ऊर्जावान के साथ उनकी सेवा में निस्वार्थ भाव से तत्पर रहेंगे। मंदिर परिसर में गौतमा की सेवा भी किए। इस अवसर पर बरलंगा मंडल के भारतीय जनता पार्टी के सकलु महतो,बंधु महतो सहित अन्य शामिल थे।

